माँ की तरह

माँ की तरह

भूपेन्द्र शर्मा

कौस्तुभ साहित्य शोध संस्थान
65/341 मानसरोवर जयपुर

समर्पित

पूज्य माँ को
जो आज भी मेरी स्मृतियो मे
जिन्दा है

■ भूपेन्द्र शर्मा

ये रग बिखेरते नाटक

कथ्य को सप्रषित करन म रगमचीय प्रस्तुति को निश्चय ही सर्वोपरि माना जा सकता है नाटय शेली मे सहज लोक भावन सवादो के द्वारा दिया गया सदेश रोचक एव स्वाभाविक स्वरूप मे दर्शक के हृदय पटल पर अकित हो जाता है इसीलिए यदि एकाकी विधा को साहित्य की सशक्त सपेषण वाली विधा मानी जाये तो अतिशयोक्ति नही

श्री भूपेन्द्र शर्मा ने अपनी पुस्तक मॉ की तरह मे सप्रेषण के इस धर्म का समुचित रूप से निर्वहन किया है। इन एकाकियो मे "वसुधैव कुटुम्बकम का परिचय करवाती ममतामयी मॉ है ता पर्यायरण की रक्षा मे सन्नध उद्यान रक्षक माली भवरे व तितलिया है जहा हास्य से साक्षात्कार करवाते इटरव्यू, डॉक्टर दात सिह एव बैंक के नजारे भरपूर मनोरजन करते है वही मृतक भोज के प्रति विरोध दर्ज करवाता स्वय मृत्यु अपनी सार्थकता सिद्ध करता है शुभम विवाह भवन्तु के माध्यम से मध्य भारत मे प्रचलित बाल विवाहो पर करारी चोट की गई है इस तरह पुस्तक मे सकलित सभी सातो एकाकी उद्देश्यपरक हैं तथा पाठको व दर्शको पर अमिट छाप छोडते हैं चूकि ये नाटक रगमचीय प्रतिभाआ की ऊर्जावान मेवाडी धरा पर रचे गये है इसीलिए उनमे स्वाभाविक रूप से यहा की भाषा–शैली एव सस्कृति परिलक्षित होती है क्षेत्रीय सास्कृतिकता का यह अखिल भारतीय पुट सर्वथा स्वागत योग्य है

श्री भूपेन्द्र शर्मा मेरे सहकर्मी एव मित्र हैं उनसे मेरी प्रथम भेट रगमच पर हुई थी एक सफल निदेशक व रगमचीय कलाकार के रूप मे बनी प्रथम पहचान आज भी मेरे मानस पटल पर अकित है उसे उनकी इस प्रथम प्रस्तुति "मॉ की तरह ने ओर भी अक्षुण्ण बना दिया हैं

रगमच के प्रतिभावान कलाकार श्री भूपेन्द्र शर्मा का यह सर्जन निसदेह एकाकी विधा मे स्वागत योग्य कदम है मेरा विश्वास है कि उनके नाटक पाठको/दर्शको को लुभायेगे गुदगुदायेगे तथा सार्थकता सिद्ध करते हुए यथार्थ के धरातल पर उन्हे कुछ कर गुजरने को उकसायेगे साहित्य एव रगमच जगत को उनसे बहुत सारी आशाए हैं सर्जन के इस मुकाम पर उनका स्वागत एव शुभकामनाए

रमाकान्त "कान्त"

अपनी ओर से

आज का पाठक उपदेशो से परहेज करता है यदि वही बात उसे शुगर कोटेड तरीके से कही जाये तो वह उसे स्वीकार कर लेता है रगमच पर सशक्त पात्र एव जन–मन लुभावन सवादो के माध्यम से कही गई वात अपनी अमिट छाप छोडती है दर्शक उपदेश को भी हृदयगम कर लेता है इसीलिए नाट्य शैली को एक सशक्त विधा के रूप मे रेखाकित किया जा सकता है

इस विधा की सर्वग्राह्यता ने मुझे बालपन से ही प्रभावित एव प्रेरित किया है फलस्वरूप मेरे कदम स्वत रगमच की ओर बढते चले गये अभिनय व निर्देशन का दायित्व निर्वहन करते हुए मैं स्वय एकाकी लेखन का लोभ सवरण नही कर सका इसी कारण "माँ की तरह" कृति के माध्यम से आपके सम्मुख प्रस्तुत हू

उक्त सकलन मे सात नाटक हैं मेरा प्रयास रहा है कि नाटक जनभाषा मे हो इसलिए पर्याप्त रूप से मेवाडी शब्दो का प्रयोग किया गया है कथ्य की रोचकता बनाये रखने के लिए व्यग्य व हास्यपूर्ण सवाद अवश्य लिखे गये हैं पर ऐसा करते हुए उद्देश्य को तनिक भी धूमिल नहीं होने दिया गया है इस प्रयास मे मैं कितना सफल हुआ हू यह प्रबुद्ध मच निदेशको पाठको व साहित्यविज्ञो की प्रतिक्रियाओ से ही ज्ञात हो सकेगा

पर यह सच है कि इन नाटको का सफल मचन किया जा चुका है इनके प्रथम मचन का श्रेय जाता है मेरे अभिन्न मित्र श्री देवेन्द्र कुमावत सस्थापक निदेशक जयदीप माध्यमिक विद्यालय भुवाणा को इस विद्यालय मे इन नाटको का अभिनीत होना उन्हे कसौटी पर परखने जैसा रहा यही कसौटी मेरे लिए एकाकी लेखन की सतत प्रेरणा स्रोत बनी रही

राजस्थान साहित्य अकादमी के प्रति कृतज्ञ हू जिन्होने एकाकी सग्रह को चयनित कर अर्थ सहयोग ही नहीं अपितु विशेषज्ञतापूर्ण सम्मति प्रदान की है आभारी हू बैंक मे कार्यरत मेरे अधिकारी साथी एव प्रतिष्ठित वाल साहित्यकार श्रद्धेय श्री रमाकान्त "कान्त" का जो इस एकाकी सग्रह की पाडुलिपि राजस्थान साहित्य अकादमी को विचारार्थ प्रस्तुत करवाने से लेकर पुस्तक प्रकाशन तक की प्रक्रिया मे प्रेरणापुज एव मार्गदर्शक रहे पुस्तक रूप मे इस एकाकी सग्रह को लाने का सम्पूर्ण श्रेय उन्हें ही जाता है डॉ भेरू लाल गर्ग के प्रति आभारी हू जिन्होने प्रोत्साहन व आशीर्वाद से मेरा लेखकीय मार्ग प्रशस्त किया पुस्तक के आवरण पृष्ठ व चित्र सज्जा का सुरुचिपूर्ण कार्य किया है नवोदित चित्रकार श्री रतन लाल लौहार ने निस्वार्थ भाव से प्रकाशन दायित्व निभाया है कौस्तुभ साहित्य शौध सस्थान ने लेसर टाईप सैटिग के लिए अकित कम्प्यूटर्स (श्री जितेन्द्र गौड श्री अरूण शर्मा) एव मुद्रण कार्य के लिए न्यू ट्रेक ऑफसेट प्रिन्टर्स (श्री विजय अरोडा) का अभूतपूर्व सहयोग रहा इन सवके कार्य के प्रति मै हृदय से आभारी हू

निरन्तर .. 2

मातृ–पितृ देवो भव उनको शतश नमन वे मेरे प्रथम एव अतिम देवता है उन्हे स्मरण न करना कृतघ्नता होगी स्वर्गीय माताश्री श्रीमती द्रोपदी देवी की ममतामयी प्रेरणा व शिक्षाविद् पिता श्री जितेन्द्र पाल शर्मा का वरद् हस्त मुझे प्रति पल नव–सृजन की ओर अग्रसर करता रहा अनुज धर्मेन्द्र शर्मा के अनुपम सहयोग एव प्रथम श्रोता–पाठिका सहधर्मीणी सुनीता के प्रति कतज्ञता ज्ञापन कर मैं अनौपचारिक सबधो को औपचारिक नही बनाना चाहता शिवा साहिल शुभम के प्रति क्या कहू ? उनकी बाल क्रीडाओ ने इन नाटको मे नाटकीयतापूर्ण योगदान किया है

स्टेट बैक ऑफ बीकानेर एण्ड जयपुर जहा मैं नियोजित हू वहा के मधुर एव सौहार्दपूर्ण वातावरण के प्रति कतज्ञता ज्ञापित करता हू यदि वहा की कार्य स्थितिया अनुकूल नहीं होतीं तथा सहकर्मियो मित्रो का सहयोग नही रहा होता तो मैं इस प्रस्तुति योग्य नही होता इसके अतिरिक्त मै उन सबके प्रति आभार व्यक्त करता हू जिनसे ज्ञात–अज्ञात सहयोग प्राप्त हुआ है

अन्त मे प्रस्तुत एकाकियो के मचन हेतु हर प्रकार के सहयोग के लिए मैं सदैव तत्पर हू पाठक इन्हे पढे और मचित करवाये उनके सुझावो एव प्रतिक्रियाओ की मुझे प्रतीक्षा रहेगी ताकि अपेक्षित सुधार किये जा सके

भूपेन्द्र शर्मा

अनुक्रमणिका

माँ की तरह

पात्र	परिचय
अहमद	एक भारतीय फौजी
फर्नाडिस	एक भारतीय फौजी
हरविंदर	एक भारतीय फौजी
इश्वर	एक भारतीय फाजी
बालक	पाकिस्तान की सीमा से भागकर आया 10 वर्षीय बालक
महिला	उक्त बालक की प्रोढ मॉ

विषय वस्तु भारत पाक सीमा पर चौकसी कर रही भारतीय फौज को अकस्मात पाकिस्तान क्षेत्र से एक बालक आता दिखाई देता है। इस बालक को ये फौजी सद्भावपूर्ण तरीके से व्यवहार करते हुए अपने विचारो से प्रभावित कर देते है। उस बालक को तलाश करती उसकी मॉ भी वही आ जाती है वह उन फौजियो का आभार व्यक्त करती है कि उन्होने उस बच्चे को कोई नुकसान नही पहुचाया। इसी बीच पाकिस्तान सीमा से युद्ध का अचानक आह्वान हो जाता है। लेकिन उक्त माँ उन्हे युद्ध न करने की अपील यह कहते हुए करती है कि ये हिन्दुस्तानी फोजी भी उसके लिए उसके स्वय के पुत्र के समान हैं अत इन भारतीय फौजियो पर हमला करने से पहले उन्हे माँ की लाश से गुजरना होगा। लेकिन पाकिस्तानी फौजी उसकी बात गभीरता से न लेते हुए गोली चला देते हैं। मॉ की मृत्यु के समय बिलखते बच्चे और मॉ के बीच सवाद मानवता प्रेम शाति और भाईचारे का सदेश देते है। यह एकाकी बधुत्व विश्व शाति और मानवता का सदेश देने वाली प्रेरक एकाकी है।

(दृश्य भारत पाक सीमा पर भारतीय फौजी मोर्चा वदी किये तैनात है दूर–दूर तक रेतीला मैदान है)

अहमद — मॉ कसम ! हिन्दुस्तान की हमारी इस धरती पर दुश्मन की अगर परछाई भी नजर आ गई तो उस परछाई के भी परखच्चे उडा के रख दूगा ।

हरबिदर — मगर परछाई पर निशाना लगाओगे तो तब न जब अहमद भाई कोई नजर भी आए। 25 दिन हो गये है इतजार करते–करते पर कोई नजर ही नही आता।

फनाडिस — थाडा आर सब्र करा ग्राहक ओर दुश्मन का कोई भरोसा नही हम फौजियो को तो अपनी डयूटी निभानी ही है।

ईश्वर — (दूरबीन से देखते हूए) श श श   सावधान फौजिया सामने से कोई आता दिख रहा है ।

हरबिदर — अबे किस गीदड की मौत आई है ईश्वर ? जो हमारे सामने आने की हिम्मत कर रहा है। अरे वाकई ये तो दुश्मन ही लगता है जो सीमा के उस पार से दौडा चला आ रहा है। फौजियो ! पोजिशन !!

(फौजी पोजिशन ले लेते है)

(सीमा के उस पार किसी बच्चे के दौडते हुए आने एव उसके रोने की आवाज तेज होती हुई)

ईश्वर — यह क्या ? ये तो किसी बच्चे के रोने की आवाज है।

अहमद — लगता है कोई मासूम बच्चा सीमा पार से अपनी ओर आ रहा है।

फर्नाडिस — अरे ये तो अपनी ओर बढे ही चला आ रहा है।

हरविंदर — फिर भी सावधान रहना जवानो इसमे भी दुश्मन की कोई चाल हो सकती है।

(लडका मच पर सैनिको के पास पहुचता है)

अहमद — ए लडके ! यहा क्या लेने आया है ? चल वापस लौट जा अपने ठिकाने।

(बच्चा सुबक–सुबक कर रोता ही रहता है बोलता कुछ नही)

ईश्वर — अबे सुनता है या गोली खाएगा ?

बच्चा — (थोड चुप होकर) गोली ? हा अकल अमको गोली कानी है अमने अम्मा से बोला हमे गोली दो ना हमे टोफी दो न तो अम्मा बोली खाने को रोटी तो है नही गोली कहा से दू, जा सरहद पार कर हिंदुस्तान जाके मर।

फर्नाडिस — ऐसे नही बोलते माई सन अभी मरने की बात नही करते। तुम्हारी जिदगी की तो ये शुरूआत है। (दूसरे फौजी साथियो से) लगता है बच्चा घर पर मा से झगड कर आया है। हम हेड साहब से बात करके इसे वापस भिजवाने की व्यवस्था करवा देगे। तब तक इसे यही बिठा लेते है। आओ माई सन यहा बैठो।

अहमद — (जेब मे से टॉफी निकाल कर देता है) लो पुतर लो गोली खाओ (बच्चा खुशी से ले लेता है) अच्छा ये बताओ पुत्तर तुम्हारे अब्बा क्या करते है ?

बच्चा — मालूम नही।

अहमद — और अम्मा ?

बच्चा — अम्मा बुनाई का काम करती है ।

अहमद	तुम यहा तक आ कैसे पहुचे ? तुम्हारे वतन मे किसी ने तुम्हे रोका नही ?
बच्चा	म तो चुपचाप छुपते–छुपाते यहा आ पहुचा हू। मैने सोचा देखू तो हिदुस्तान की जमी पर ऐसा क्या है जो हमारी जमी से अलग है।
हरविंदर	*अच्छा ? तो तुम्हे क्या अलग लगा ?*
बच्चा	कुछ भी तो नही । मुझे तो उस जमी और इस जमी मे कोई फर्क नही लगा। वैसी ही मिटटी है यहा भी वहा भी ।
ईश्वर	अबे हरविंदर ? इसको कुछ खिलाएगा– पिलाएगा भी कि केवल बाते ही बनाता रहेगा ?
सिख	हा पुतर हा पहले तू कुछ खा ल (खाना परोसते हुए) ये मक्का की रोटी और ये सरसो का साग।
बच्चा	शुक्रिया अकल आप लोग भी खाईये ना।
हरविंदर	हा हा हम भी खाएगे पुतर लो भाई लोगो लो खाना। (खाना खाने लगते हैं)
बच्चा	वाह सरदारजी अकल वाह आपका खाना तो बडा ही जायेकदार है।
ईश्वर	जायेकेदार क्यो नही होगा पुतर ? तेरे इन सरदारजी अकल के हाथो का बना जो है। ले ये अचार ले केरी का अचार मेरी माँ ने अपने हाथो से बनाया है।
बच्चा	अच्छा ? तो आपकी माँ कहा है ?
ईश्वर	अरे माँ तो हमारे गाव मे है हम तो यहा धरती मा की रक्षा के लिए आए है।
बच्चा	ये धरती माँ कौन है ?
फर्नाडिस	अरे तुम धरती माँ को नही जानते ? यही जमीन जहा हम बैठे खाना खा रहे है जो हमे खाने को अनाज देती है पीने का पानी देती है हवा देती है यही तो सबसे बडी माँ है।
बच्चा	तो क्या य माँ सबकी अलग–अलग होती है अकल? हमारे गाव के लोग कहते है ये अपनी जमीन है वो उनकी जमीन है।

अहमद — नही बेटे धरती तो सबकी एक ही है लेकिन बदकिस्मती से हम लोगो ने ही इस बाट दी है।

बच्चा — क्यो भला ? क्या हम एक ही जमीन पर बस कर एक साथ नही रह सकते ?

फर्नाडिस — क्यो नही रह सकते ? सारी दुनिया के लोग वसुधैव कुटुम्बकम की भावना से प्रेमपूर्वक मिलजुलकर एक साथ रह सकते है।

(अचानक बच्चे की माँ की पुकार दूर से सुनाई देती है 'मोहम्मद–मोहम्मद' जो धीरे–धीरे तेज होती जाती है)

बच्चा — ये तो मेरी अम्मी जान की आवाज है लगता है वो मुझ ढूढती–ढूढती यहा आ पहुची हे। (माँ का प्रवश)

माँ — मोहम्मद ! मेरे लाल !! तुम कैसे हो ? तुम ठीक तो हो ना ?

(माँ बच्च को गले लगा लती है)

बच्चा — माँ मै बिल्कुल ठीक हू। ये फौजी बहुत अच्छे है। इन्होने मुझे खाना खिलाया है।

माँ — अच्छा ? (फौजियो से) आप लोगो का बहुत–बहुत शुक्रिया। मे ता समझ रही थी कि अब मेरे लाल का जिदा लौटना नामुमकिन ही है।

ईश्वर — ऐसा नही कहते माजी ! हम हिदुस्तानी मासूमो पर बेवजह हमला कभी नही करते ।

माँ — खुदा आपको सलामत रखे ! कितने भले लोग हे आप ! अच्छा अब हम सरहद पार फिर लौटना चाहेगे।

बच्चा — नही माँ मे नही जाउगा। मैं इन फोजी अकलो के साथ ही रहूगा ये मुझे बहुत अच्छे लगते है ।

माँ — नही बेटे नही तुझे क्या मालूम मे किस तरह से यहा तक पहुची हू। अब जिद छोड और लौट चल अपने गाव को।

बच्चा — (रोते हुए) नही मैं घर नही जाउगा मैं यही रहूगा।

(तभी सरहद पार से फोजियो की भारी भरकम टुकडी के आने की गडगडाहट सुनाइ दती है)

अहमद — लगता है दुश्मन की भारी सेना हमारी ओर आ रही है। फौजियो ! पोजीशन !!

अहमद — हरविन्दर जल्दी हेड क्वाटर पर दुश्मन के हमले का मेसेज करो।

(टैको की धडधड की आवाज चरमोत्कर्ष पर और फिर एकदम खामोशी)

(मा क्षण भर विचार कर तुरन्त दुश्मनो की ओर मुह कर खडी हो जाती है)

मा — (सरहद पार के दुश्मनो से) जग के दीवानो ! तुम्हे खुदा का वास्ता इन बेकसूर फौजियो पर हमला करने का ख्याल भी अपने जहन से निकाल दो । ये लोग जमीन की हद मजहब की दीवार खुदगर्जी के जज्बात इन सबसे बहुत ऊपर उठे खुदा के नेक बंद है।

(मच के पीछे दुश्मनो की तरफ से आवाज आती है)

पार्श्व स्वर — अरे बेवकूफ औरत ! दुश्मन सिर्फ दुश्मन होता है। तू हमारे बीच दीवार मत बन । हमे हमला कर दुश्मनो का सफाया करने दे।

माँ — (चीखते हुए) नही हरगिज नही तुम्हे इन तक पहुचने के वास्ते मेरी लाश से होकर गुजरना होगा । आखरी दम तक मै यहा से नही हटूगी।

पार्श्व स्वर — तू बेकार ही दीवानी हुई जा रही है तू हमारी माँ की तरह है तुझे खत्म करके हमे क्या मिलेगा ?

माँ — अगर मै तुम्हारे लिए माँ की तरह हू तो इन हिदुस्तानी फौजियो के लिए भी माँ ही हू जिन्होने मेरे बच्चे को दुश्मन का बच्चा होने के बावजूद छोटे भाई सा प्यार दिया। अगर तुम्हे माँ का ख्याल ही है तो दुनिया की सबसे बडी मा इस धरती के हुए टुकडो को जोडने की बात करो। क्या तुम्हे इस माँ के दर्द का एहसास नही ?

पार्श्व स्वर — बस बहुत हो चुकी तेरी बकवास। लगता है मजबूरन हमे तुझे खत्म करना होगा। हम तीन तक गिनती बालते है। अगर तू नही हटी तो पहले तेरे ऊपर गाली चलाएगे फिर दुश्मन पर।

मॉ मेरा फैसला अटल है क्योकि मै भी इस धरती मॉ की तरह ही एक ही जगह जमी हुई हू ।

पार्श्व स्वर (प्रतिध्वनित होता हुआ) एक दो तीन ।

(तीन कहते ही गोली चलती है मा वही ढेर हो जाती है तभी ऊपर स भारतीय हवाई जहाज की बमबारी से दुश्मनो के टेक उडा दिये जाते है जो कि पर्दे के पीछे ध्वनि प्रभाव से प्रस्तुत किये जाते है)

अहमद लगता है हमारा मेसेज काम आ गया और हमारे हवाई हमलो से दुश्मन का नामो निशान ही मिट गया।

ईश्वर जरा मॉ को सभालो हरविदर मॉ को।

लडका (रोते हुए) मा ! मॉ !! तुझे ये क्या हो गया मॉ ? तुझे ये क्या हो गया ?

हरविदर मॉ तूने हमारी खातिर अपनी जान की कुर्बानी दे दी।

मॉ (कराहते हुए) बेटे मॉ तो है ही कुर्बानी का दूसरा नाम। इस धरती मॉ को देखो। इन्सान ने नफरत और खुदगर्जी की वजह से इसके कितने टुकडे किये है कितना बाटा है कितना खून किया है फिर भी इस सबको यह बर्दाश्त करती है।

लडका लेकिन मॉ इस राव मे हम बेकसूरो का क्या गुनाह जिन्हे बेवजह ही ये दरिंदे मौत के घाट उतार देते है ?

अहमद मॉ हमे तेरी कसम इस नफरत की दीवार को गिराकर ही हम दम लेगे। लो ठीक से बैठो मॉ लो ठण्डा पानी पीओ।

मॉ बस बेटे ! अब मेरे चलने का समय आ गया है।

सभी ऐसा नही कहते मॉ।

बच्चा नही मॉ हमे अकेला छोडकर मत जाओ।

मॉं तुझे अकेला छोडकर नही जा रही हू मेरे बच्चे। ये फौजी भाइ तुझे इसानियत और भाईचारे का रास्ता दिखायेगे। चार–चार भाई तेरे लिए छोड कर जा रही हू । अच्छा खुदा हाफिज।

(बच्चा और सभी फौजी मॉ से लिपट –लिपट कर

रोते है)

ईश्वर — काश! तुम्हारी यह कुर्बानी दुनिया को अमन और इसानियत का एक नया पेगाम दे सबक दे। काश ! जग की बारूद की जगह इस आसमा से मोहब्वत के फूल बरसे।

(फौजियो की आखो के आसू मॉ पर बरसते है और बच्चा मॉ के सिरहाने रोता रहता है)

(धीरे–धीरे पर्दा गिरता है)

दरख्तों के दीवाने

पात्र परिचय

पात्र	परिचय
गुलमोहर	भवरे के रूप मे नन्ही बालिका
रातरानी	दूसरे भवरे के रूप मे नन्ही बालिका
कोरस	चार भवरो के रूप मे बालक
मालीराम	बाग का प्रोढ माली
चमेली	भवरे के रूप मे बालिका
बरैया	बैरेया के रूप मे बालक
चिनी	एक नन्ही 7–8 वर्षीया बच्ची
मिनी	एक नन्ही 7–8 वर्षीया बच्ची
क	एक लकडहारा
ख	एक लकडहारा
ग	एक लकडहारा
घ	एक लकडहारा

विषय वस्तु – कटते हुए पेडो और उपेक्षित बाग बगीचो के प्रति बच्चो का ध्यान आकर्षित करते हुए उन्हे पर्यावरण के प्रति जागरूक बनाने का इस नाटिका मे प्रयास किया गया है। भवरा और बैरेया की भूमिका से नाटक को विषय–सगत बनाते हुए **मालीराम** को सूत्रधार के रूप मे प्रस्तुत कर पर्यावरण के प्रति जन–जन को जागरूक बनाने का सदेश नाटिका मे समाहित है ।

(दृश्य   एक बगीचे का जहा गुलमोहर आम नीम आदि पेडो के अलावा फूलो की कतारे सजी है वही कोने मे एक माली मालीराम पेडो की साज सवार कर रहा है। पर्दा खुलते ही दोनो तरफ से तीन–तीन बच्चे भवरो के रूप मे प्रवेश करते है उनकी स्वर लहरी पर्दे के पीछे से ही सुनाई देती हे)

सभी भवरे	झूम झूम । झूम झूम ।
गुलमोहर	बाये झूम ।
रातरानी	दाये झूम।
गुलमोहर	दाय झूम । बाये झूम ।
रातरानी	अपना जहा है
गुलमोहर	अपनी फिजा हे ।
रातरानी	जहा मे घूम ।
गुलमोहर	फिजा म घूम ।
कोरस	जहा मे घूम । फिजा मे घूम ।
	बाये घूम दाये घूम ।
गुलमोहर	फूलो सा फूलो ।
रातरानी	झूलो सा झूलो ।।

कोरस फूलो को चूम । पत्तो को चूम ।।
वाये को घूम । दाये को घूम ।।
गुलमोहर डाली पे झूलो ।
रातरानी माली को भूलो ।
गुलमोहर वगिया मे झूम ।
रातरानी नदिया म झूम ।
कोरस वाये झूम । दाय झूम ।
मालीराम (आवेश म) वस। वस। वस। वहुत हो गया तुम्हारा झूमना घूमना चूमना । सुनो भवरो । आज से इस वगीचे मे तुम्हारा आना वद । चलो । जिस रास्ते आए हो उसी रास्ते लौट जाओ ।
गुलमोहर अरे मालीराम । भला आज तुम्हे क्या हो गया है ? रोज तो तुम हमे देखकर वहुत खुश होते थे ।
रातरानी हा मालीराम । आपने पहले तो कभी हमे इस वगीचे मे आने से मना नहीं किया । फिर आज अचानक आपको ये क्या हो गया है ?
चमली (धीरे से) लगता ह आज सुवह–सुवह मालीराम का *अपनी घरवाली स झगडा हो गया हे ।*
(दूसरे साथी हसने लगते है।)
मालीराम वकवास वद करो । तुम लोगो ने सुना नही ? मै कहता हू आज से इस वगीचे के दरवाजे तुम लोगो के लिए वद । चलो दफा हो जाओ यहा से ।
गुलमोहर अरे मालीराम । हम नादानो से भला क्यो नाराज होते हो ? तुम कहते हो तो हम यहा से चले जाएगे। लेकिन जाने स पहले हम इतना तो वता दीजिए कि आखिर हमसे गलती क्या हुई है ?
मालीराम तुम क्या गलती करोगे मासूम भवरो ? गलती तो कर रहा है यह सम्पूर्ण मानव–समाज।
गुलमोहर मानव–समाज ? भला वो कैसे ?
मालीराम तुम्ह क्या वताऊ गुलमोहर । आज का मानव इस प्रकृति इस हरियाली के प्रति बहुत क्रूर हो गया है । ये हरे–भरे पेड–पौधे जो उसे जीवनदायी हवा देते है उन्हे वह पेरो तले रोदने मे लगा है । जगल कट

	रहे हे । पेडो की जगह अब मकान बनने लगे है। ये खूबसूरत धरती अब बजर होने लगी है।
चमेली	बात तो तुम्हारी सौ टके सही ह मालीराम । पेड–पौधो की कमी से हम भवरो का आकाश मे उडते पछियो का धरती के जीव –जन्तुओ का जीना ही मुश्किल हो गया हे । लेकिन इसमे भला हमारा क्या कुसूर हे जो तुम हमे इस बाग से ही निकाल रहे हो ?
मालीराम	तुम्हारा कुसूर है तुम्हारी उदासनीता। यह सब देखकर भी तुम लोग आख मूदे बैठे हो । पर्यावरण के बिगडते हालात तुम्हारे सामने है । फिर भी तुम खामोश हो कुछ भी कर नही रहे हो।
चमेली	हम भला क्या कर सकते हे मालीराम ? हम तो छोटे –छोटे से उडने वाले भवरे मात्र हे ।
मालीराम	तुम बहुत कुछ कर सकते हो भवरो बहुत कुछ। कहा भी तो गया है – सतसैया के दोहरे ज्यो नाविक के तीर देखने मे छोटे लगे घाव करे गभीर । सुनो । इसके लिए मै तुम्हे बडा ही मजेदार और असरदार आइडिया देता हू। सुनो चमेली। ये स्कीम मे तुम्हे धीरे से कान मे सुनाता हू। (मालीराम चमेली के कान मे स्कीम समझाता है)
चमेली	(खुश होकर) वाह। क्या मजेदार स्कीम है । क्यो न इस काम मे हम बरेया भैया और ततैया दीदी को भी साथ ले ले । (आवज देती है) बरैया भैया । ओ ततैया दीदी ।
बरैया–ततैया	(बरैया–ततैया का प्रवेश) कहो चमेली। हमे कैसे याद किया ?
चमेली	ऐसा है दीदी और भैया । हम लोग पर्यावरण के दुश्मनो के खिलाफ एक बहुत ही जोरदार जग छेडने जा रहे है। क्या इस प्लान मे तुम भी हमारा साथ दोगे ?

बरैया — क्यो नही बाबा ? लेकिन तुम यह तो बताओ कि आखिर तुम्हारा प्लान क्या है ?

चमेली — शि शि (चुप करते हुए) धीमे बोलिए दीवारो के भी कान होते है। सारा प्लान अभी समझा देती हू। (कान मे प्लान समझाती है) तो कोमरेड तैयार हो ना ? चलो इसान आ ही रहा होगा । हम सब अपना-अपना मोचा सभालते है।

(दो बच्चियो का आगमन) (नाम-1 मिनी एव 2 चिनी)

दो बच्चिया — (गीत गाते हुए) टूम्बक टुम भई टुम्बक टुम।
फूल बिना ये क्या जीवन । (दोहराती हैं)

मिनी+चीनी — देखो रग -बिरगे।

चीनी+मीनी — देखो फूल तिरगे।

दोनो — टुम्बक टुम भई टुम्बक टुम

मीनी — तोडे फूलो को हम तुम

चीनी — फिर हो जाए हम तुम गुम

दोना — टुम्बक टुम भई टुम्बक टुम
(फूल तोडने का प्रयास करते हुए)

दाना — तोडे फूलो को हम तुम
फिर हो जाए हम तुम गुम ।
(गाते हुए जैसे ही फूलो को तोडने लगती है वैसे ही भवरे बरैया ततैया उन्हे काट लेते है।)

मीनी — (भय से चिल्लाकर) अरे चीनी मेरे ऊपर तो ये भवरे मडराते ही जा रह हैं ।

चीनी — अरे मीनी। इस बरैया ने तो मुझे काट डाला ।
(दोनो भागती है)

मीनी — अरे बाप रे मुझे बचाओ ।

चीनी — हे भगवान । मैं तो मर गई रे । मुझे बचाओ रे।
(दोनो बचाओ-बचाओ करती हुई मच से भागती हे ततैया-भवरे आदि उनके पीछे हमला बोलते रहते हे अतत व दोनो हारकर मालीराम की शरण मे आती है)

मीनी — अरे माली अकल। हमे माफ कर दो। हमे इन ततैया से बचाओ।

चीनी	हा माली अकल अब हम कभी ऐसी गलती नही करेगे ।
मालीराम	हू । अब समझा । आज फिर तुम लोग फूल तोडने यहा आये थे ।
मीनी	अब हम कभी फूल नही तोडेगे । बस हमे उन भवरा और बरैयो से बचा लो ।
मालीराम	हू। तो आज आपको सबक मिल ही गया है। देखो बच्चो । ये फल भी तुम लोगा की तरह ही प्यार–प्यार और मासूम होते है। इनमे कभी नन्ही सी जान बसी होती है । बोलो अब कभी तो फूलो को नही तोडेगे ?
चीनी	फूल तो क्या अकल हम कोई कली कोइ पौधा कोई पत्ती तक अब नही तोडगे।
मीनी	तोडना तो दूर अब हम जहा खाली जगह देखगे वहा नये–नये पौधे नये–नये पेड नये–नये बीज बोकर इस धरती पर रग–बिरगे फूल उगाएग । आपके इस बगीचे को भी हम सजाएगे ।
मालीराम	चलो । खुदा का शुक्र है कि तुम लोग सुधर गए हो। भगवान ऐसी सद्‌बुद्धि दुनिया के सारे बच्चो को दे। अब तुम जा सकते हो ।
मीनी व चीनी	थक यू मालीराम । बाय–बाय ।

(मीनी व चीनी गीत गाते है)

टुम्बक टुम भई टुम्बक टुम
फूलो का ना तोड हम
पौधो को ना छेडे हम
बगिया नही उजाडे हम
टुम्बक टुम भई टुम्बक टुम ।।

(गाते हुए प्रस्थान)

लकडहारे	(चार लकडहारो का कुल्हाडी लेकर प्रवेश)
गीत गाते है	झिगोलाला झिगोलाला हुर्र–हुर्र झिगोलाला झिगोलाला हुर्र–हुर्र पेडो को हम काटग लकडी मिलकर बाटेगे।

हुर्र हुर्र झिगोलाला झिगोलाला
पेड काटो पेड काटो पेड काटो रे ।
पेड काटो पड काटो पड काटा रे ।।

क	वाह क्या लम्बे चोडे हट्टे कट्टे पेड है ।
ख	हा हरे-भरे वडे-वडे कितने अच्छे पेड है ।
ग	तो चलो उठाओ कुल्हाडी।
घ	हा चलो काटो डाली।
	(लकडहारे जैसा ही पेड काटने का अभिनय करते है भवरे उन पर हमला वोल देते है)
क	अरे वाप रे ये तो वरैया है ।
ख	हा ये तो हमे काट रहे है ।
ग	चला जान वचा के भागो यहा सेे ।
घ	हा कुल्हाडी छाड के भागा यहा स ।
मालीराम	अरे भागते कहा हो। ठहरो । मै एक एक की खवर लेता हू।
क	अरे ये तो यहा का माली लगता है।
मालीराम	हा मैं यहाँ का माली -- 'मालीराम ।
ख	अरे मालीराम जी (दण्डवत होकर) हम आपक पर पडते है। हमे इन भवरो और ततेयो से वचा लो। (सभी दण्डवत होते है)
सभी	हा इन भवरा से वचा लो । इन सव वरैया से वचा लो।
मालीराम	ठीक है वचाता हू वचाता हू। लेकिन क्या तुम यह भी जानते हो कि ये तुम्ह काटने क्यो दौड रहे हैं?
क	हा जानते है। क्योकि हम पेड काट रहे थे।
मालीराम	ठीक जाना तुमने। ये लोग पेडो के रखवाले है इन सुन्दर दरख्तो के दीवाने हैं। अगर तुम पेड काटने की कोशिश करोगे तो ये भी तुम्हे बिना काटे नही रहने देगे।
	(क ख ग व घ चारा एक साथ कान पकडकर दण्ड वैठक लगाते है) (क ख ग व घ चारो एक साथ)

अव हम कभी पेड नही काटेगे
अव हम कभी पड नही काटेगे ।

चीनी	हा माली अकल अ करगे ।
मालीराम	हू । अब रामआ । यहा आये थे ।
मीनी	अब हम कभी फूल और बरैया से बचा
मालीराम	हू। तो आज आपव बच्चा । ये फूल प्यारे-प्यारे आर मा जान बसी हाती है, नही तोडेगे ?
चीनी	फूल ता क्या अकल पत्ती तक अब नही
मीनी	तोडना तो दूर अब नये-नये पौधे नर इस धरती पर रग- बगीच का भी हम र
मालीराम	चलो । खुदा का हो। भगवान ऐसी र दे। अब तुम जा सब
मीनी व चीनी	थेक यू मालीराम । (मीनी व चीनी गीत टुम्बक टुम भ फूला को ना पौधो को ना बगिया नही र टुम्बक टुम भई (गाते हुए प्रर
लकडहारे गीत गाते है	(चार लकडहारो का कुल झिगोलाला झिगोलाला झिगोलाला झिगोलाला पेडो को हम काटेगे लकडी मिलकर बाटेगे।

क ख ग घ ड़ तो हम आपका सपना साकार करेंगे । ये हमारा संकल्प है ।

गीत (चारों गाते हैं)

सपना हम साकार करेंगे
धरती मां की गोद भरेंगे ।
पेड़ों से ये धरती तो क्या
पेड़ों से आकाश भरेंगे ।

(यह गीत दोहराते हुए सभी प्रतिभागी मंच की दाहिनी ओर प्रस्थान करते हैं)

(पटाक्षेप)

मालीराम — चलो अब मै जो तुम्हे प्रतिज्ञा करवाता हू, उसे दोहराना –

कट जाएगे खुद
पर पेडो को ना काटेगे
सृष्टि का उपहार
हम सब मिलकर बाटेगे ।
(चारो प्रतिज्ञा दोहराते है)

क — हम इन नन्हे–नन्हे भवरो और बरैयो के सम्मुख नतमस्तक है जिन्होने हमारी आखे खोल दी है ।

ख — जिन्होने हमे जताया है कि पैड–पौधो को नष्ट करके हम जीवन को नष्ट कर रहे है ।

ग — पर्यावरण को नष्ट कर रहे है

घ — धरती के स्वर्ग को नरक कर रहे है ।

मालीराम — चलो देर आये दुरस्त आये । अब तो सबने मान लिया ना कि पेडो को काटना कितना नुकसानदायक और खतरनाक भी है ?

क — बिल्कुल मालीराम जी। अब तो हम इस काम से तौबा करते है ।

मालीराम — लेकिन सिर्फ तौबा करने से काम नही चलेगा। आपको उन सब कृत्यो के लिए पश्चाताप भी करना पडेगा जो आपने आज से पहले किये है।

क — हा। आज से पहले तो हमने न जाने कितने पेड काट डाले है। तो आप ही हुक्म कीजिए कि हमे क्या करना पडेगा ?

मालीराम — आपको जन चेतना जगानी होगी। हर शहर हर गाव हर गली हर मोहल्ले मे पेड लगाने के महत्त्व का प्रचार करना होगा और पर्यावरण के बढते खतरे से जनता को वाकिफ कराना होगा ।

ख — समझ गए मालीराम । हम अब ऐसा कार्यक्रम तैयार करेगे जिससे सारी धरती हरियाली से झूम उठे और इस कार्य के लिए प्रत्येक व्यक्ति अपने स्तर पर कार्य करे ।

मालीराम — (गहरी सास लेकर) हा यही मेरा सपना है।

क ख ग व घ   तो हम आपका सपना साकार करेगे । ये हमारा सकल्प है ।

गीत   (चारो गाते है)

सपना हम साकार करेगे
धरती मा की गोद भरेगे ।
पेडो से ये धरती तो क्या
पेडो से आकाश भरेगे ।

(यह गीत दोहराते हुए सभी प्रतिभागी मच की दाहिनी ओर प्रस्थान करते है)

(पटाक्षेप)

पात्र परिचय

पात्र	परिचय
प्रधानाध्यापिका	साक्षात्कार लेने वाली एक युवती
व्यक्ति	एक मनचला युवक जो साक्षात्कार देने आया है।

विषय वस्तु साक्षात्कार मे यदि असगत प्रश्न पूछे जाये एव उसका प्रत्युत्तर देने वाला भी यदि गभीर न हो तो ऐसी स्थिति मे उत्पन्न हास्य प्रस्तुत करने वाली यह हास्य प्रधान एकाकी है।

(मच पर एक पधानाध्यापक के कक्ष का दृश्य)
(प्रधानाध्यापिका फाइल दखती हुई अपनी कुर्सी पर वैठी हे)

प्र (घटी वजाते हुए) यस । नक्स्ट केडीडेट ।
(सुनते ही एक अस्त–व्यस्त व्यक्ति का प्रवश)

व्य जी जी जी आपने मुझे बुलाया ?

प्र यू इडीयट । य कोई चपडासी का इण्टरव्यू नही हो रहा है। मैंने नेक्स्ट केडीडेट बुलाया हे। चपडासी नही।

व्य जी जी जी वो मे ही हूँ।

प्र क्या तुम ? तुम ही हो ? अच्छा वेठिये (उक्त उम्मीदवार कुर्सी की ओर बढता हे मगर गिर जाता है)

व्य सो सो सोरी मेडम – वा क्या है कि ये कुर्सी ।

प्र क्यो ? क्या हुआ कुर्सी मे ? क्या स्प्रिंग लगी है ?

व्य नही नही । वो वात नही है । वो क्या हे कि मुझे इस कुर्सी पर वैठते ही ऐसा लगा ऐसा लगा ।

प्र केसा लगा ?

व्य मानो मै राज सिंहासन पर बैठ गया हूँ। सैकडो दासिया मेरा पखा झल रहे है । और मेरी खूबसूरत बेगम मेरे इतजार म ?

प्र ओह ! तो आप दिन मे भी सपन देखते है।

व्य जी ! तारीफ के लिए धन्यवाद ।

प्र अच्छा ! तो आप अपना नाम बताइये ।

व्य जी ! मै मेरा नाम ।

प्र हा ! हा म आपका ही नाम पूछ रही हूँ – आपके अडोसी–पडोसिया का नही।

व्य जी मेरा नाम मेरा नाम मुझे शरम आती है। (शरमा जाता है।)

प्र कमाल है ! आपको अपना नाम बताने मे शम आ रही है ?

व्य नही नही वो बात नही है । अच्छा ये बताइये म अपना नाम अग्रेजी मे बताऊ या हिंदी मे ?

प्र अरे बाबा ! आप दोनो मे ही बता दीजिये।

व्य जी मुझे हिंदी मे चन्द्रप्रकाश और अग्रेजी मे मून लाईट कहते है।

प्र अच्छा ! आपकी एज्यूकेशन ?

व्य जी मैने इगलिश मीडियम से हिंदी म एम ए किया है।

प्र अच्छा ! चलिये अब आपसे कुछ सवाल पूछे जाये। हा तो क्या आपको मालूम है आलू का विलाम शब्द क्या है ?

व्यू ये तो बहुत आसान सवाल है। आलू का विलोम है कद्दू।

प्र अब बताइये सब्जी बाजार का उल्टा ?

व्य ये तो और भी आसान है । बापू बाजार।

प्र हा ! तो अब आप कुछ मुहावरा का वाक्यो मे प्रयोग कीजिये। पहला मुहावरा है – भैस के आगे बीन बजाना।

व्य अब क्या बताये मेडम। अपनी श्रीमतीजी को चाहे कितना कहो कि महगाई का युग ह ऐरे–गेरे खर्चे मत करो। श्रृगार म चूना मत लगाओ। चार पैसे बचाओ । मगर श्रीमतीजी कही मानने वाली है ? वो ही बात हो गई ना भैस के आग बीन बजाना।

प्र हू ! अब बताइये सिर मुडाते ही ओले पडे।

व्य आज से 1 साल 6 माह 12 दिन और 9 घटे पहले की बात

है। मेरी दादी मा का स्वगवास हुआ था। (राते हुए) मने अपना सिर मुडवाया सिर मुण्डवाकर लौटा तो देखा कि घनघोर वारिश हो रही है। ओले वरस रहे ह। वो ही वात हुई ना सिर मुडाते ही ओले पडे।

प्र अच्छा अव वताइगे करेले पर नीम चढा ।

व्य हमारी श्रीमतीजी को करले वनाने का वडा शाक है । एक दिन की वात है । श्रीमती जी ने कडवी–कडवी करेल की सब्जी वनाई उस पर हम सारे–सारे भजन सुनाने लगी। अव आप ही वताइये करेले पे नीम नही चढा तो क्या हुआ ?

प्र वहुत खूव–वहुत खूव । अच्छा अव य वताये क्या इससे पहले कही और आप काम कर रहे थे ?

व्य हा हा मैने म्याऊ–म्याऊ नाटक क मे जोकर का रोल किया था।

प्र अच्छा !

व्य हा और मै वताऊँ। मेने एक फिल्म म भी काम किया है – "झुमरी तलैया ।

प्र क्या आप कोई रोल करके वतायग ?

व्य हा हा मैने "झुमरी तलेया फिल्म मे नेता का रोल किया था। देखिये उसी का रोल करके दिखाता हूँ। (नेता के भाषण का अभिनय करता है)

प्र वहुत अच्छे ! अव अन्त मे एक सवाल ओर। हमारे यहा हम जिसे भी काम देते है उसे एक नो ओब्जेक्सन सर्टिफिकेट देना होता है।

व्य जी ये नो ओब्जेक्सन सर्टिफिकेट क्या होता है ?

प्र अजी यह एक प्रकार का ना आपत्ति प्रमाण पत्र होता है। इसमे आपकी पत्नी से यह लिखवाना होगा कि आपकी यहा सर्विस से उन्हे कोई आपत्ति नही होगी।

व्य जी श्रीमती जी से ? एक मिनिट एक मिनट मे आया ।

(व्यक्ति का भागते हुए प्रस्थान)

(पटाक्षेप)

पात्र परिचय

पात्र	परिचय
डॉक्टर	दाँतसिह नामक स्थूलकाय अप्रशिक्षित दत चिकित्सक
असिस्टेट	डॉक्टर का सहयोगी पुरूष
चौकीदार	डॉक्टर के दवाखाने पर खडा युवा दरवान
मियाभाई	दतरोग से पीडित एक बुजुर्ग मुसलमान पुरूष
पेशेट–अ	डॉक्टर को अपना दात दिखाने आया रोगी
महिला	डॉक्टर को दात दिखाने आई एक युवती
पडितजी	डॉक्टर को दात दिखाने आया एक प्रोढ पेटू पडित
हकडूमल	हकलाने वाला एक दत रोगी

विषय वस्तु – *एक अनाडी व्यक्ति के दत चिकित्सक बन बैठने* के कारण उसकी चिकित्सा से पीडित हो रहे रोगियो का चित्र प्रस्तुत करते हुए ऐसे डॉक्टर को पीडित रोगिया द्वारा ही सबक सिखाने वाली यह एकाकी हास्य प्रधान एकाकी है

(दृश्य दवाखाने के बाहर मिया फारूखी साइनबोड पढते हुए)

मिया — ता ये लिखा है दॉत सिह का दवाखाना यहा नायाब तरीको से दातो का इलाज किया जाता हे (मुह मे पान चबाते हुए) अए फीस गेर मामूली एक बार सेवा का मौका जरूर दे डॉ दात सिह बी ए कुश्ती लिट्रेचर पास एम ए जूडो कराटे दातो के करामाती इलाज का पोने एक साल छ माह तीन दिन बाईस घटे चालीस मिनिट ओर साढे तीन सेकिण्डस का लम्बा अनुभव (पुन स्वय ही) वाह भई वाह अमा क्या बाट (बात) है लगता हे ऐसा अस्पताल शहर मे पहली बार खुला है नालायक दातो ने तो हमे भी तमाम उम्र दु खी ही रखा है (गहरी सास लेकर) ह कमबख्त कोई डॉक्टर इनकी ठीक से मरम्मत ही नही कर पाया। चलो आज इस अस्पताल को ही आजमा लिया जाये (अन्दर प्रवेश करते हुए)

चौकीदार — अरे मिया भीतर तो ऐसे घुसे आ रहे हो जैसे शेर के मुह मे खरगोश का शिकार ।

मिया क्या कहा शर क ?

चौकीदार नही–नही मिया मे कह रहा हू कि सीधे अन्दर ही चले आओग या टिकट भी कटवाओगे ?

मिया टिकट ? किसका टिकट भई हम कोई नौटकी का खेल देखने थोडे ही आए है जो पहले टिकट लेना पड ।

चौकीदार अरे मिया भाई ये तो हम भी जानते है कि तुम खेल देखने को नही खेल बनने को यहा आये हे। लेकिन तुम्हे मालूम तो होना चाहिए कि जे (ये) डॉक्टर दात सिह का दत चिकित्सालय हे यहा दात तुडवाने के लिय अहह मरा मतलव हे कि दात दिखवाने के लिये पहले नम्बर लगवाने पडते है नम्बर

मिया नम्बर केसा नम्बर ?

चौकीदार मिया उतय देखो उतय शीशे के पल्ली ओर । सभी लोग जो वैच पर अपने–अपने दात पकडकर अह मेरो मतलव है कोई ठोडी पकडकर वैठे हैं तो कोई ईलाज के वाद लुढके पडे है कोई ओधे पडे है ई सभी नम्वर से ही वेठे पशन्ट हे। इसलिए पहिले निकालो वीस का नोट और हमस कटवाय लियो टिकट फिर हम तुम्हे भीतर घुसन देगे हा।

मिया या अल्लाह या मेरे खुदा क्या जमाना आ गया है। हर जगह एट्रेस फीस। अब तक हमने बड–बडे दफ्तरो मे यह सिस्टम देखा था अव देखते है तो कमबख्त हस्पताल मे भी इस रोग के कीटाणु लग गये है ये लो वीस का नोट ।

चौकीदार अजी ही ही ही वस इतनी सी ही तो बात है जी ओर नवाब साहब आप तो खामाख्वाह नाराज हुए जा रहे ह आइय आइये नवाब साहब भीतर तशरीफ ले आईये।

मिया (वडबडाते हुए) ह भीतर तशरीफ ले आईये वीस का नोट हाथ म आते ही मिया से नवाब साहब बना दिया वरखुरदार ने (भीतर हथोडे और छैनी वजन की आवाज इन औजारा स रोगी के दात तोडने व

कराहने चिल्लाने की आवाज अरे बाप रे अरे मर गया रे चिल्लाने का स्वर) अरे ये कहा आ गया मैं? कही किसी बस एक्सीडेट के घायल तो यहा आके भर्ती नही हुए ह ?

डॉक्टर जी नही ये बस एक्सीडेट के नही ये सब हमारे दवाखाने के मरीज है।

मिया क क क्या मतलब ?

डॉक्टर मतलब ये बरखुरदार कि इन सबका ईलाज हम किया है हम (पृष्ठ मे कराहने रोने चिल्लाने की आवाज)

मिया (घबराते हुए) क्या इलाज के बाद इनकी ये हालत हुई है ?

डॉक्टर इसम हालत की क्या बात है ? जानते नही ? ये डाक्टर दॉत सिह का दवाखाना है ये वो डॉक्टर है जो बी ए कुश्ती ओर एम ए जूडो कराटे है समझे ? और इधर जो छ लोग बैठे हैं ना उनका ईलाज हम पेशल टेकनिक स किया है और इधर जो सात लोग बैठे है उनका ईलाज करना अभी बाकी है तुम्हारा नम्बर आठवा है चलो लाईन मे लग जाओ ।

मिया (बडबडाते हुए) लाईन मे लग जाओ भाई कमाल है हम कोई राशन की दुकान पर घासलेट खरीदने आये है जो लाईन मे लग जाय ?

डॉक्टर अबे ज्यादा बड बड करोगे तो दॉतो के साथ–साथ जीभ भी बाहर निकाल देगे । जानते नही ? हम डॉ दात सिह है डॉक्टर दात सिह । चलो अगला पेशेन्ट। (मिया मरीजो की लाईन मे बैठ जाता है)

पेशेन्ट –अ नमस्कार डॉक्टर साहब नमस्कार ।

डॉक्टर हा नमस्कार । पहली और आखिरी बार भगवान को याद कर लो ।

पेशेन्ट –अ क क क्यो डॉक्टर साहब ?

डॉक्टर भईया हमसे इलाज करवाने आये हो मजाक समझी है क्या ? बालो क्या तकलीफ हे ?

पेशेन्ट –अ	डॉक्टर साहब मेरे ये नीचे वाला दात बहुत दर्द कर रहा है ।
डॉक्टर	हम तुम्हारा दर्द अभी जड से खत्म किये देते है। एसिटेट । (असिस्टेट) हमारी हथोडी ओर छैनी देना तो।
असिस्टेट	यस सर ये लीजिये सर ।
पशन्ट–अ	अरे र ये क्या कर रहे हो मै कोई पत्थर की मूर्ति हू जो हथोडी ओर टाची से दात निकाल रहे हो।
डॉक्टर	चोप हमे अपना काम करने दो। जितना कहे उतना करत जाओ। तभी अच्छा ईलाज हा सकेगा। चलो मुह खोलो।
